सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 264 | इंदौर, शनिवार 06 अप्रैल, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## दोहरे हत्याकांड के आरोपी का अवैध अतिक्रमण ढहाया

### हत्या के मामले में पांच लोगों पर हुआ है मामला दर्ज



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा।** बीते बुधवार को रन्हाई रोड़ पर लकड़ियों से पीट पीटकर की गई दो लोगों की निर्मम हत्या के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया है। शुक्रवार को पुलिस, नगर पालिका एवं राजस्व विभाग की टीम ने हत्या के आरोपी यूनुस के द्वारा सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि आरोपी यूनुस ने सड़क किनारे अतिक्रमण कर यहां बनाई गई झोपड़ी से मादक पदार्थों की बिक्री का खुलेआम कारोबार किया जाता था। नगर पालिका के प्रभारी आरआई श्रीकांत बंसल ने बताया कि पुलिस से मिले प्रतिवेदन के आधार पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। गौरतलब रहे कि शराब की पार्टी कर रहे पांचों आरोपियों ने रन्हाई से हरदा आ रहे बाइक सवार शैतान सिंह कोरकू एवं सईद शाह की बुधवार सुबह पीट पीटकर हत्या कर दी थी। जिसमें शैतान सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी। वहीं सईद शाह को मारपीट करने वाले आरोपियों ने ही जिला अस्पताल भिजवाया था। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। सम्भवतः शनिवार शाम को पुलिस दोहरे हत्याकांड का खुलासा कर सकती है।

## लापता युवती की लाश नाले में मिली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** सेमल्या नसर थाना चिंतामण क्षेत्र में रहने वाली एक युवती 3 अप्रैल से घर से लापता थी। परिजनों को युवती लाश गंभीर नदी के पास स्थित नाले में तैरती मिली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाजमीन पिता मो.हुसैन आयु 20 वर्ष निवासी सेमल्या नसर की लाश गंभीर नदी के पास स्थित गहरे नाले के पानी में पड़ी मिली। पुलिस को सूचना देने के बाद परिजन शव को पीएम के लिये जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। नाजमीन के भाई मुजीब खान ने बताया कि बहन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह 3 अप्रैल को घर से कहीं चली गई थी।

## मेले से नई कार खरीदी, 6 लोगों को टक्कर मार दी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** विक्रमोत्सव के तहत दशहरा मैदान पर आयोजित वाहन मेले से नरवर के निवासी एक व्यक्ति ने नई कार खरीदी और हरिफाटक ब्रिज के नीचे लगने वाले गुरूवारिया हाट में मौजूद 6 लोगों को टक्कर मार कर घायल कर दिया। नीलगंगा पुलिस ने कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर वाहन जप्त किया है। पुलिस ने बताया कि अरबाज पिता आरिफ आयु 25 वर्ष निवासी विराट नगर आगर रोड गुरुवार शाम गुरूवारिया हाट बाजार पहुंचा था। यहां ठेले से फल खरीदने के दौरान बिना नंबर की नई कार तेज गति से आई और उसने फल के ठेले को टक्कर मारी दी जिससे अरबाज घायल हो गया। इसके बाद कार यहां नहीं रुकी बल्कि उसके ड्रायवर ने ठेले के बाद मोटर सायकल को और फिर हाट में मौजूद सोनिया, हमानी सिसौदिया,जगदीश,रुक्मणी सिसौदिया व देवेन्द्र को भी टक्कर मारकर घायल किया। देवेन्द्र को गंभीर चोंट लगने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों ने नीलगंगा थाने में कार चालक वीरेन्द्र पिता रमेशचंद्र निवासी कड़छा थाना नरवर के खिलाफ केस दर्ज कराया। पुलिस ने कार जप्त की है।

## न बाबा न-फील गुड खतरनाक है

### कार्यकर्ताओं से बोले सिंधिया

# भय का वातावरण होना चाहिए, इस बार करो या मरो की लड़ाई है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

गुना। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कार्यकर्ताओं को चेताया है। बमोरी विधानसभा में आयोजित बूथ समिति सम्मेलन में उन्होंने कार्यकर्ताओं से स्पष्ट कहा कि ये फील गुड खतरनाक है। अति आत्मविश्वास में न रहें। सबसे खतरनाक है ये अति आत्मविश्वास का वातावरण। भय का वातावरण होना चाहिए। इस बार करो या मरो की लड़ाई है। ज्योतिरादित्य सिंधिया शुक्रवार को गुना के दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने बमोरी और उमरी में बमोरी विधानसभा के चार मंडलों की बूथ समितियों की बैठक ली। उन्होंने आने वाले चुनाव में अबकी बार चार सौ पार के नारे को यथार्थ करने कमर कसने को कहा। म्याना, सिरसी, बमौरी और फतेहगढ़मण्डल के अन्तर्गत पोलिंग बूथ समितियों के सदस्यों से उन्होंने कहा कि यह बूथ नहीं, आपका किला है। आप कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि सेनापति हैं। इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीके भारत को विश्वगुरु बनने के संकल्प को सिद्धि की ओर ले जाने के लिए हाथ मजबूत करना होगा।



### कांग्रेस ने कोई काम नहीं किया

कांग्रेस ने पिछले 65 साल में रोटी, कपड़ा और मकान का नारा दिया, पर किसी के उत्थान के लिए कोई काम नहीं किया। जहां एक ओर 65 सालों में तीन करोड़ आवास बनाए, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दस साल में ही चार करोड़ गरीबों के लिए आवास उपलब्ध कराये हैं।

### फील गुड के वातावरण को तिलांजलि दे देना

सिंधिया ने कार्यकर्ताओं से कहा कि एक माह से मैं पूरे क्षेत्र में घूम रहा हूँ। एक एक जगह जा रहा हूँ। मैं अनुभव कर रहा हूँ। एक वक्त कह रहे थे, विधानसभा के चुनाव में 163 सीट जीते। राजस्थान में, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश में भाजपा की परचम लहराई। एक महीने से मैं घूम रहा हूँ। मुझे आभास हो रहा है कि हम सब बड़े फील गुड़ में आ रहे हैं। अति आत्मविश्वास का माहौल है। हम तो जीत ही रहे हैं। न बाबा न। सबसे घातक है ये अति आत्मविश्वास का वातावरण। सबसे घातक है ये फील गुड का वातावरण। इस अति आत्मविश्वास और फील गुड के वातावरण को तिलांजलि दे देना मेरे सेनापतियों। और अगर तिलांजलि दोगे, क्या भावना होनी चाहिए...भय का वातावरण। जब भय होता है, तो व्यक्ति अपने मन में ठान लेता है- इस बार करो या मरो की लड़ाई है।

### अगर सरकार नहीं गिराता तो ...

सिंधिया ने कार्यकर्ताओं से पूछा कि मैंने कांग्रेस सरकार गिराकर ठीक किया या नहीं, तो उपस्थित कार्यकर्ता बोले कि बहुत अच्छा किया। अगर मैं सरकार नहीं गिराता, तो लाड़ली बहनों के पैसे, किसान निधि के पैसे, आवास के पैसे छोटा भाई मोटा भाई(दिग्विजय सिंह एवं कमलनाथ) के जेबों में चला जाता। उन्होंने कहा कि इस समूचे क्षेत्र से सिंधिया परिवार का पीढ़ियों से रिश्ता है.पहले मेरी दादी माँ, फिर मेरे पिताजी और अब मैं आप सभी की सेवा में सदैव तत्पर रहूंगा।

### भाजपा का दावा आज 1 लाख लोग जॉइन करेंगे

भोपाल। भाजपा के स्थापना दिवस पर एमपी के 64523 बूथों पर शनिवार को कार्यक्रमों का आयोजन होगा। भाजपा नेताओं ने दावा किया है कि प्रदेश भर में 1 लाख लोग पार्टी की सदस्यता लेंगे, जिसमें कांग्रेस सहित अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता शामिल हैं। मुख्य कार्यक्रम भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित होगा। यहां मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा, लोकसभा चुनाव प्रदेश प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह पार्टी का ध्वज फहराएंगे।

**मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत की गई कार्रवाई**

# गुणवत्ता में संदेश होने पर जब्त की गई लाखों रुपए की खाद्य सामग्री

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन और अपर कलेक्टर श्री गौरव बैनल के मार्गदर्शन में गठित दल द्वारा इंदौर के विभिन्न स्थलों पर नमूना एवं निरीक्षण की कार्रवाई की गई। दल द्वारा इंडस्ट्रियल एरिया सांवेर रोड स्थित आरजे कन्फेक्शनरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। मौके पर कन्फेक्शनरी निर्माण में उपयोग किये जा रहे रॉ मटेरियल एवं तैयार कन्फेक्शनरी की गुणवत्ता संदिग्ध पाए जाने पर कुल 6 नमूने जाँच हेतु लिए गए। इसके अतिरिक्त निर्माण में प्रयुक्त होने वाले खाद्य रंग टाइटेनियम डाइऑक्साइड की गुणवत्ता संदिग्ध होने पर कुल 40 किलोग्राम मात्रा जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 4 हजार रुपए हैं एवं तैयार कन्फेक्शनरी लॉलीपॉप एवं जेली जिनकी कुल मात्रा लगभग 500 किलोग्राम है, जिसकी कुल कीमत लगभग 65 हजार है, को जप्त किया गया। साथ ही एक अन्य संस्थान चैंपियन आइसक्रीम, टिगरिया बादशाह इंदौर का भी औचक निरीक्षण किया गया तथा खाद्य पदार्थ फ्रोजन डेजर्ट के दो नमूने लिए गए एवं कुल मात्रा 165 लीटर को गुणवत्ता पर संदेह होने पर जप्त किया गया।

इसी तरह टीम द्वारा पराग एंटरप्राइजेज, नंदलालपुरा पर औचक निरीक्षण की कार्रवाई की गई। मौके पर विक्रेता द्वारा बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार किया जाना पाया गया। परिसर में विक्रय हेतु रखे खाद्य पदार्थ घी की मोबाइल फूट टेस्टिंग लैब से जांच किए जाने पर प्राथमिक तौर पर घी में वनस्पति की मिलावट होने का संदेह होने पर परिसर में संग्रहित खाद्य पदार्थ घी, वनस्पति, सरसों तेल, मूंगफली तेल के कुल 6 नमूने जाँच हेतु लिए गए। उक्त खाद्य पदार्थ मिलावटी होने के संदेह पर कुल मात्रा 930 किलोग्राम जिनकी कुल कीमत लगभग 2 लाख 75 हजार रुपए है को आगामी कार्रवाई तक जप्त किया गया। साथ ही बिना खाद्य पंजीयन के खाद्य कारोबार करने के कारण खाद्य पंजीयन प्राप्त करने तक खाद्य कारोबार को बंद कराया गया। सभी नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल की ओर भेजा जा रहा है, जिनकी रिपोर्ट प्राप्ति उपरांत वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# जिनेश्वर शोभा जैन ने फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। **अ.भा.जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन(रजि.) के वर्ष 2024-26 के कार्यकाल हेतु जिनेश्वर शोभा जैन को सर्व सम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया**।

उक्त जानकारी फेडरेशन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवम चयन समिति अध्यक्ष प्रकाशकांता भटेवरा ने दी।उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष पद हेतु एक मात्र प्रत्याशी होने से उन्हें निर्विरोध नियुक्त किया गया।

जिनेश्वर शोभा जैन ने पार्श्व आरोग्यम मनोरमगंज स्थित सभाग्रह में लगभग शताधिक महानुभावों की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया जिन्हे निवृतमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र प्रभा संचेती द्वारा पदभार करतल ध्वनि के बीच करवाया। राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष नरेंद्र कविता भंडारी,राष्ट्रीय चेयरमैन प्रभात प्रतिभा चोपड़ा,राष्ट्रीय कांफ्रेंस चेयरमैन अभय अनीता बाफना,राष्ट्रीय महासचिव किरण संजय सिरोलिया, वीरेंद्र मधु नाहर, अरिहंत छाया जैन,वरिष्ठ उपाध्यक्ष गौतम सिंह सोनाली मूणत जालना,अखिल निधी चौधरी, रितेश संगीता कटकानी विनोद जैन महिदपुर,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक जैन पिंटू भवानीमंडी, विशोक शिल्पा छाजेड बड़वाह,प्रकाश नाहर बड़ौद, राष्ट्रीय सचिव अनिल ममता सामोता,सुनील तातेड, अभिषेक दीपा सुराणा आष्टा,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अनिल अलका जैन,राष्ट्रीय प्रचार सचिव गौरव शिखा दुग्गड चापड़ा, राष्ट्रीय कांफ्रेंस चेयरमैन अजय वन्दना सुराणा एवम प्रतीक शालू डोसी मंदसौर को नियुक्त किया।

# महिला प्रकोष्ठ की सखियों ने ली मताधिकार के प्रयोग की शपथ

**चुनाव आयोग द्वारा प्रतिभा मित्तल को बनाया गया इन्दौर में ब्रांड एंबेसेडर**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। महिला प्रकोष्ठ, अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के तत्वावधान में 200 से अधिक महिलाओं ने आगामी लोकसभा चुनाव में स्वयं अपने मताधिकार का प्रयोग करने और अपने स्नेहीजनों को भी मताधिकार के लिए प्रेरित करने की शपथ ग्रहण की । इस मौके पर चुनाव आयोग द्वारा प्रकोष्ठ की अध्यक्ष प्रतिभा मित्तल को इंदौर में ब्रांड एंबेसेडर नियुक्त किए जाने पर उनका स्वागत किया गया । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि आरजे विन्नी ने प्रतिभा मित्तल को पिन लगाकर यह जिम्मेदारी सौपी।

लव यू जिंदगी श्रृंखला में प्रकोष्ठ का यह पांचवां आयोजन था, जिसमें सखियों ने रंगारंग डांस, ग्रैंड तंबोला एवं अन्य गतिविधियों के जरिए एक-दूसरे को त्योहारों की बधाइयां दी। बायपास, देवगुराडिया स्थित एक होटल की छत पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रख्यात योग एवं जुंबा विशेषज्ञ आरती माहेश्वरी ने भी आधे घंटे का विशेष प्रशिक्षण दिया। मुख्य अतिथि आर.जे. विन्नी ने अपने प्रभावी अंदाज में सखियों का उत्साहवर्धन भी किया और मताधिकार का महत्व बताते हुए उनसे प्रजातंत्र को मजबूत बनाने का आग्रह किया । सखियों ने मताधिकार का प्रयोग करने के समर्थन में लिखे गए डिस्प्ले बोर्ड भी हाथों में लेकर उन्हें प्रदर्शित किया। इस मौके पर लकी ड्रा में सपना अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल ,कोमल शर्मा ,किरण बागड़ी , मधु बड़कुल एवं राधिका अग्रवाल बेस्ट ड्रेस के लिए राधिका अग्रवाल एवं नीलम देसाई तथा बेस्ट डांस के लिए वैशाली अग्रवाल , नीतू दास एवं मीना सिंगलवॉल को आम्रपाली बूटिक की और से पुरस्कृत किया गया।

# गणगौर मेला 11 को

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। नवगठित अग्रवाल समाज हाईवे क्षेत्र पालदा की सामाजिक, सांस्कृतिक गतिविधियों का श्रीगणेश 11 अप्रैल को सायं 4 बजे से अग्रवाल झ वैश्य बंधुओं के लिए भव्य मोयरा गणगौर मेले के साथ होगा। पालदा के न्यू आरटीओ रोड स्थित वरुण विक्ट्री गार्डन पर आयोजित इस मेले में शहर के 13 महिला संगठनों की भागीदारी सुनिश्चित हो चुकी है । मेले में गणगौर का बाना तो निकलेगा ही, ह्यमिस एंड मिसेज गणगौर फैशन शो का शालीन आयोजन भी शाम 6 बजे से होगा। समाजसेवी प्रेमचंद गोयल,पवन सिंघानिया एवं विष्णु बिंदल इस सांस्कृतिक संध्या के मुख्य अतिथि होंगे।

# नार्थ गोवा के लिए इंदौर से मिलेगी कनेक्टिंग उड़ान

**18 अप्रैल से शुरू होगी बुकिंग, इंदौर से तीन दिन मिलेगी सुविधा**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। इंदौर से गोवा जाने वाले यात्रियों के लिए निजी विमान कंपनी इंडिगो कनेक्टिंग उड़ान की सुविधा शुरू करने जा रही है। इसमें यात्रियों को नासिक होकर नार्थ गोवा जाने का अवसर मिलेगा। इसमें यात्रियों को नासिक एयरपोर्ट पर एक घंटा 20 मिनट इंतजार करना पड़ेगा। इसकी बुकिंग 18 अप्रैल से शुरू होगी। देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से नार्थ गोवा के लिए कनेक्टिंग उड़ान की सुविधा मिलेगी। यह उड़ान नासिक होकर 4 घंटे 20 मिनट में नार्थ गोवा के नए एयरपोर्ट पर पहुंचाएगी। ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन आफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह जादोन का कहना है कि इंदौर और आसपास से पर्यटन के लिए गोवा जाने वाले लोगों की संख्या अधिक है। इन यात्रियों को एक अतिरिक्त विकल्प मिलेगा। अब तक सभी उड़ाने साउथ गोवा के एयरपोर्ट पर पहुंचती थी, यह उड़ान नार्थ गोवा पहुंचाएगी। इंदौर से सुबह 9.30 बजे उडान रवाना होगी और 10.45 बजे नासिक पहुंच जाएगी। यहां से दोपहर 12.05 बजे उड़ान रवाना होगी और 1.50 बजे नार्थ गोवा पहुंचेगी। इंदौर से सप्ताह में तीन दिन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को यह सुविधा मिलेगी। यात्रियों को इसके लिए एक तरफ के किराए के रूप में 6500 रुपये चुकाने होंगे।

# पत्रकार राजेश राठौर के भाई का निधन

**सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संस्था से जुड़े लोगों ने दी श्रृद्धांजली**

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

**इंदौर**। वरिष्ठ पत्रकार राजेश राठौर के बड़े भाई मनोज राठौर का निधन शुक्रवार को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा विश्वकर्मा नगर स्थित निवास से निकली और पंचकुईया मुक्तीधाम पर पहुंची। अंतिम यात्रा में कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। पंचकुईया मुक्तिधाम पर मनोज राठौर को अंतिम विदाई देने के बाद श्रृद्धांजली दी गई। सामाजीक, राजनीतिक और धार्मिक संस्था से जुड़े लोगों ने उन्हें श्रृद्धांजली दी। इनमें मुख्य रूप से किशोर भुराडीया विजय देवड़ा, ललित राठौर, संजय राठौर, अशोक राठौर, सुभाष खंडेलवाल आदि शामिल थे। श्रद्धाजंली देने के बाद दो मिनट का मौन रखकर मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक बैठक 7 अप्रैल रविवार को शाम 5 से 6 बजे तक छत्रीबाग स्थित बीडी तोशनीवाल हॉल में रखी गई है। वरिष्ठ पत्रकार राजेश राठौर के बड़े भाई का निधन होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी शोक संवेदना व्यक्त की है।

# जिले के 21 चेकपोस्ट (नाकों) पर होगी वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर । **लोकसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सुरक्षा को और अधिक चुस्त-दुरूस्त बनाने के लिए कड़े प्रबंध किये जा रहे हैं। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेन्द्र रघुवंशी ने बताया कि इंदौर जिले के चयनित 21 चेकपोस्ट(नाकों) और चयनित 1340 मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी रखी जायेगी। इन केन्दों पर ररळ दलों की भी तैनाती की गई है।**

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु इंदौर जिले की सभी विधानसभा क्षेत्रों के चयनित 21 नाकों पर ररळ दलों की तैनाती रहेगी। विधानसभा क्षेत्र देपालपुर के 3 चेकपोस्ट स्थल- रेल्वे पटरी के पास बहीरामपुर, टोल नाका मेढ़वाडा एवं सागोर रोड़ कालीबिल्लौद पर ररळ पुलिस दल एवं वेबकास्टिंग द्वारा निगरानी की जायेगी। इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र इन्दौर-1 के 2 चेकपोस्ट बड़ा गणपति एवं एरोड्रम (देपालपुर रोड़), विधानसभा क्षेत्र इन्दौर-2 के अन्तर्गत चन्द्रगुप्त मौर्य चौराहा (एम.आर. 10) के पास, विधानसभा क्षेत्र इन्दौर-4 में चंदन नगर थाने के पास डी-मार्ट एवं केशरबाग चौकी आर.टी.ओ. के पास, विधानसभा क्षेत्र इन्दौर-5 में चेकपोस्ट स्टार चौराहा (एम.आर.10) एवं गोल चौराहा (आजाद नगर), विधानसभा क्षेत्र डॉ. अम्बेडकर नगर महू के कुल 5 चेकपोस्ट(नाकों) जिसमें ग्राम पंचायत पिगडम्बर ए.बी. रोड़, तलाई नाका सिमरोल, भिचौली फाटा, दतोदा चौखी ढ़ाणी और जामगेट(जामखुर्द) शामिल है।

इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र राऊ में राऊ गोल चौराहा आई आई एम टोल नाका के पास और उमरीखेडा (खण्डवा रोड़ चमेली देवी कॉलेज के पास), विधानसभा क्षेत्र सांवेर के 4 चेकपोस्ट(नाकों) जिसमें चिमली फाटा उज्जैन रोड़, पुराना टोल टेक्स ए.बी.रोड़ क्षिप्रा, शिवपुरा खेड़ा चन्द्रवतीगंज तथा मुहाडा घाट हनुमान मंदिर के पास पेड़मी पर ररळ दल की तैनाती रहेगी। इन सभी चेकपोस्ट(नाकों) की निगरानी वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी।

**लोकसभा निर्वाचन-2024**

## चार लोकसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन पूरा

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट**

इंदौर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि प्रदेश में 4 चरणों में लोकसभा चुनाव सम्पन्न होगा। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उन्होंने बताया कि 3 अप्रैल को 4 लोकसभा क्षेत्रों के लिए ईवीएम का द्वितीय रेंडमाइजेशन पूरा हो गया है। यह रेंडमाइजेशन अभ्यर्थियों, प्रेक्षक और रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में लोकसभा संसदीय क्षेत्र मुख्यालय में हुआ। इसमें शहडोल (अजजा), मंडला (अजजा), बालाघाट और छिंदवाड़ा शामिल हैं। दो लोकसभा क्षेत्र सीधी और जबलपुर में अभ्यर्थियों की संख्या अधिक होने की वजह से एक अतिरिक्त बैलेट यूनिट (बीयू) की एफएलसी की जाकर पृथक से द्वितीय रेंडमाइजेशन किया जाएगा।

## फाग महोत्सव -फूलों की होली कल

**इंदौर**। सनाढ्य ब्राह्मण सभा के तत्वावधान में श्री सनाढ्य ब्राह्मण सभा युवा मंडल द्वारा रविवार, 7 अप्रैल को विजयनगर स्थित लॉ ओमनी गार्डन पर मिलन समारोह एवं राधा कृष्ण फाग उत्सव का रंगारंग आयोजन सायं 7 बजे से किया जाएगा। युवा मंडल के राहुल उपाध्याय, प्रतीक पाराशर एवं धर्मेंद्र दुबे ने बताया कि प्रसिद्ध भजन गायिका लक्ष्मी पांडे अपने भजनों की मनोहारी प्रस्तुतियां देंगी। फूलों की होली एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम भी समाज के अध्यक्ष पंडित देवेंद्र शर्मा एवं महासचिव संजय जारोलिया, भगवती शर्मा, अनिल शर्मा, संतोष राजोरिया के मार्गदर्शन में होंगे। युवा मंडल के अंकित शर्मा, राहुल तिवारी एवं अविनाश पाराशर के संयोजन में महोत्सव की तैयारियां की जा रही है।

# युवक की हत्या, दो आरोपी पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में एक बार फिर हत्या का मामला सामने आया है। आरोपियों ने एक युवक को घेर लिया और उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना लसूडिया इलाके में हुई। कल रात घर के बाहर बैठे एक युवक पर चाकू से जानलेवाल हमला हुआ है। पुलिस उसे अस्पताल लेकर पहुंची लेकिन उसके पहले ही उसकी जान चली गई।**

बताया जाता है कि मृतक का भाई आरोपी की बहन से बात करता था। इसी से नाराज लडक़ी के भाई ने ही उसे मौत के घाट उतार दिया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ लिया है। मृतक का नाम दुर्गेश पिता सजन सिंह सोलंकी (21) निवासी रविदास नगर लसूडिया है। कल रात में अपने घर के बाहर बैठा था, इस दौरान आरोपी करण और कन्हैया ने उसे चाकू से गोद डाला। जांच में यह बात सामने आई की करण की बहन से मृतक दुर्गेश का भाई गौरव बात करता था। इसी बात को लेकर वाद विवाद की स्थिति बनी हुई थी। पुलिस ने देर रात कन्हैया और करण दोनों को हिरासत में ले लिया है।

# ट्रेन से टकराकर बुजुर्ग की मौत

**इंदौर। एक बुजुर्ग की लसूडिय़ा इलाके में गुरुवार रात लाश मिली है। रात में शव को अस्पताल भेजा गया। रात में वह पैदल ही रेलवे पटरी की तरफ निकल गए। देर रात तक नहीं लौटे तो बेटा ढूंढने निकला। उसे रेलवे पटरी पर पिता का शव मिला। माना जा रहा है कि ट्रेन से टकराकर उनकी मौत हुई है।**

पुलिस के मुताबिक गणेश पिता दुलारचंद चौहान निवासी बजरंग नगर का शव देर रात रेलवे फाटक लूमनिया कंपनी के पास पड़ा मिला। वह रात 10 बजे पैदल अपने घर के यहां से निकले। इसके बाद 12 बजे तक घर नहीं आए तो बेटे राहुल ने पड़ोसी पप्पू को साथ लेकर ढूंढना शुरू किया। पटरी के पास उनका शव मिला। बेटे राहुल के मुताबिक पिता हम्माली करते हैं। वह भी ड्राइवर है। घर में एक छोटी बहन है। रात में पिता करीब 8 बजे के लगभग खाना खाकर बाहर बैठे थे। इस दौरान वह अपने दोस्तों से बिहार शादी में जाने की बात करते रहे। इसके बाद वह टहलने की निकल गए। रेलवे के एक कर्मचारी ने उन्हें पटरी के पास से जाते हुए देखा। परिवार के मुताबिक उन्हें किसी तरह का तनाव या बीमारी नहीं थी। पुलिस खुदकुशी ओर हादसे के एंगल पर जांच कर रही है।

# ठगी करने वाला गिरफ्त में

## पहले ही तीन आरोपियों को पकड़ चुकी है पुलिस

**इंदौर।** आनलाइन शराब में निवेश के नाम पर ठगी करने वाली गैंग के चौथे सदस्य को भी क्राइम ब्रांच की टीम ने दबोच लिया है। इसके पहले पुलिस तीन आरोपियों को अलग-अलग स्थान से पकड़ चुकी है। पुलिस को फरियादी ने बताया था कि उसके वाट्सअप पर ल लिंक भेजकर टीडब्ल्यूजी दी वाइन ग्रुप में ऐड किया गया था। ग्रुप में टीडब्ल्यूजी की एप्लीकेशन डाउनलोड करने के बाद ठग द्वारा कहा गया की हमारे ग्रुप द्वारा ऑनलाइन वाइन खरीदी जाती है और जो भी आपके द्वारा वाइन खरीदी जाएगी उसे विदेश में बेचकर दुगना मुनाफा दिया जाएगा। फरियादी ने ठग की बात पर विश्वास कर 50 हजार रुपए निवेश किए जिसमें संबंधित ठग ने कुछ प्रॉफिट दिया गया। झूठे विश्वास में लेकर फरियादी से 4 लाख 50 हजार रुपए निवेश करवाते हुए ठगी करने संबंधित शिकायत की गई थी। मामले में पुलिस ने अशोक मालवीय पिता पीरूलाल निवासी सुसनेर, आदित्य पिता मुकेश बोडोतकर निवासी निपनिया कांकड़ एवं मानव उर्फ नरेश पिता रमेशचंद्र लोहार निवासी परसुलिया रोड, सुसनेर को पूर्व में गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ में आरोपीणों ने बताया कि ग्रुप में व्हाटसप के माध्यम से लोगों को जोडकर निवेश करवाया जाता है। गैंग को मालवा क्षेत्र में फर्जी बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले दानिश पिता अंजु खान निवासी छावनी छतरी वाला कुंआ आगर मालवा को गिरफ्तार किया है। उसके द्वारा मालवा क्षेत्र में गैंग काम कर रही थी। छोटीझछोटी दुकान वाले लोगों को रुपयों का लालच देकर दुकानों के नाम पर करंट अकाउंट खुलवाए जाते थे। आरोपी से खाते में करोड़ों रुपए के ट्रांजेक्शन भी मिले है जिसकी जांच की जा रही है।

# गुंडे के साथ पकड़ाई दो युवतियां

## किराना व्यवसायी को ब्लैकमेल करने के मामले में थी पुलिस को तलाश

### दो फरार आरोपियों की पुलिस कर रही तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। किराना कारोबारी शुभम कालरा को फंसाकर रुपये ऐंठने वाली दो युवतियों और एक गुंडे को पुलिस ने पकड़ लिया। एक युवती और युवक अभी तक फरार है। ब्लैकमेल कर कालरा से वसूले रुपयों से आरोपी अजमेर शरीफ दरगाह पर चादर चढ़ाने चले गए थे। गुरुवार रात जैसे ही इंदौर पहुंचे पुलिसवाले ने धरदबोचा।**

कनाडिया इलाके में किराना व्यवसायी शुभम राजेश कालरा निवासी मनीषपुरी (साकेत नगर) 27 मार्च को ब्लैकमेलिंग का शिकार हुआ था। शुभम ने पुलिस को बताया कि कार (होंडा सिटी) से बंगाली चौराहा से कनाडिया की तरफ जा रहा था। रास्ते में एक लडक़ी मिली और बातचीत कर दोस्ती कर ली।

शुभम को लडक़ी संचार नगर स्थित संगम गार्डन के सामने ले गई। तभी दो युवक और दो युवतियां भी आ गई। आरोपितों ने शुभम का लडक़े के साथ आपत्तिजनक वीडियो और फोटो बनाए और कहा कि दुष्कर्म के केस में फंसा देंगे। वीडियो वायरल कर बदनाम करने की धमकी दी। आरोपितों ने 10 हजार रुपये आनलाइन ले लिए और एक लाख रुपये शुभम के भाई से मंगवाए। आरोपियों ने धमकाकर भगा दिया।

पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपितों को चिह्नित तो कर लिया, लेकिन घरों से फरार हो गए। गुरुवार रात तीन आरोपी नूर मोहम्मद उर्फ भइया अली निवासी सम्राट नगर, सना पति नूर मोहम्मद निवासी पटेल नगर और सादिका उर्फ साजिया निवासी मदीना नगर को गिरफ्तार कर लिया। दो आरोपी समीर और शान्या अभी तक फरार है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने बताया कि पुलिस द्वारा दबिश देने की सूचना मिलते ही तीनों अजमेर भाग गए थे। गुरुवार को जमानत के लिए इंदौर पहुंचे और पुलिसकर्मियों ने दबोच लिया। नूर शातिर अपराधी है। उसके विरुद्ध लूट, हत्या, चोरी के कई प्रकरण दर्ज हैं।

# सड़क पर मिला पार्सल, वापस लौटाया

**इंदौर।** किसी वाहन से गिरा पार्सल ट्रेफिक पुलिस ने वापस लौटाया। पार्सल वापस मिलने से उसका मालिक खुश हो गया। खंडवा रोड के आईटी पार्क चौराहे पर ट्रेफिक प्रबंधन मित्र श्यामसुंदर बिहानी अपनी सेवा दे रहे थे। तभी उनकी नजर पार्सल पर पड़ी। उन्होंने पार्सल उठाकर टीम को सौंपा और पार्सल पर लिखे मोबाइल नंबर पर कॉल किया, जो किसी शेरसिंह नामक व्यक्ति ने उठाया। पार्सल गुम हो जाने से वे(शेरसिंह) बहुत परेशान थे और पार्सल की खोज में यहां-वहां भटक रहे थे। बिहानी का फोन पाकर उनकी परेशानी दूर हुई और उन्होंने अपना खोया हुआ पार्सल प्राप्त किया।

# जिलाबदर बदमाश धराया

**इंदौर।** हत्या का प्रयास, आम्र्स एक्ट, मारपीट, अवैध वसूली जैसे एक दर्जन अपराधों से लदे जिलाबदर बदमाश को पुलिस ने पकड़ा। वह वारदात की नीयत से हथियार लेकर घुम रहा था। बदमाश लखन उर्फ मांगी पिता कमल सोनगरा निवासी बलाई मोहल्ला को रावजी बाजार थाना क्षेत्र के पागनीसपागा हनुमान मंदिर के पास से पकड़ा। उसे पुलिस कमिश्नर ने 21 फरवरी को जिलाबदर किया था।

# आश्रम से लापता नाबालिग मिली

## मेघनगर स्थित मकान से पुलिस ने किया बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राऊ स्थित जीवन ज्योति बालिका गृह आश्रम से लापता हुई दो नाबालिगों को बहला फुसलाकर ले जाने वाले आरोपी को राऊ पुलिस ने दबोच लिया है। आरोपी ने दोनों बालिकाओं को मेघनगर स्थित किराए के मकान में छुपाकर रखा था। पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी दो बार इसी तरह की वारदात कारित कर चुका है। पुलिस को आश्रम की अधीक्षिका सीमा गुप्ता द्वारा ने 25 मार्च को बताया था कि वहां से दो नाबालिग गायब हो गई है, जिन्हें परिवार, रिश्तेदारों में तलाशा, लेकिन कोई पता नहीं चला। आशंका है दोनों को अज्ञात बदमाश अपहरण कर ले गया है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पुलिस उपायुक्त जोन एक विनोद कुमार मीना ने टीम गठित कर आरोपी को पकडऩे के निर्देश दिए। बालिकाओं को तलाशने मुखबीर सक्रिय किए। वहीं, पूर्व में इस तरह की वारदात कर चुके संदेहियों से पूछताछ की। इसमें पता चला कि एक नाबालिग को पूर्व में आरोपी अजित डामोर उर्फ एलिस निवासी ग्राम कुण्डला जिला झाबुआ ले गया है। आरोपी पर पूर्व में थाना कालीदेवी जिला झाबुआ एवं थाना कोतवाली झाबुआ में भी अपराध पंजीबध्द है। वह लगातार अपना स्थान बदल रहा है। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को मेघनगर नाका से पकड़ा। आरोपियों को पकडऩे वाली टीम को पुलिस 5-5 हजार रुपए इनाम देगी।

# पुलिस ने पकड़ा 19 किलो गांजा

**इंदौर।** द्वारकापुरी पुलिस ने साढ़े 19 किलो गांजे के साथ बदमाश को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि क्षेत्र में मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सूचना मिली थी कि आकाश नगर रोड गुरुशंकर नगर में युवक प्लास्टिक के बोरे में कुछ सामग्री लेकर जा रहा है। पुलिस ने बोरा ले जा रहे युवक राधेश्याम पिता नंदा कतिजा निवासी ग्राम शंकरापुरा थाना राजोद जिला धार को पकड़ा। बोरे की तलाशी लेने पर उसमें मादक पदार्थ मिला। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

## ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था की समीक्षा

# मतदान केन्द्रों पर ग्राम पंचायतों के माध्यम से पेयजल, छाया, प्रतिक्षा स्थान, फर्नीचर आदि की व्यवस्था के दिए निर्देश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्वार्थ जैन ने ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता के संबंध में समीक्षा की। श्री जैन द्वारा इंदौर जिले की जनपद पंचायतों के साथ गूगल मीट आयोजित कर समीक्षा की गई। बैठक में जिले की समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं सहायक यंत्री उपस्थित थे। सीईओ श्री जैन द्वारा निर्देश दिये गये कि प्रत्येक जनपद पंचायत में पेयजल समस्या के संबंध में प्राप्त शिकायतों के लिये शिकायत पंजी संधारित की जाये एवं प्राप्त शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करें। जिला पंचायत में पेयजल समस्या दर्ज कराने हेतु हेल्पलाईन नंबर 9713729604 निर्धारित किया गया है। इस नंबर के प्रभारी श्री जगजीत सिंह है। उक्त नंबर पर आम ग्रामीण फोन अथवा व्हाट्सप से पेयजल समस्या दर्ज करा सकते हैं।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन द्वारा जनपद महू के ग्राम माधवपुरा, रामघाट पलाशघाट एवं कदवाली में मोटर पंप की व्यवस्था हेतु कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ यांत्रिकी को निर्देशित किया गया। जनपद पंचायतों को पाईप लाईन एवं अन्य आवश्यक सुधार कार्यों की निगरानी के निर्देश भी दिये गये। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि पंचायतों की शिथिलता पाई जाती है तो संबंधित पंचायतों पर कडी कार्यवाही की जायेगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री जैन द्वारा द्वारा ग्रीष्म काल में तालाबों के जीर्णोद्धार की प्रगति की भी समीक्षा की गई। चयनित कार्यों में तालाब भूमि पर यदि अतिक्रमण है तो अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु राजस्व अधिकारियों से समन्वय के लिये भी जनपद पंचायतों को निर्देशित किया गया।

# भोजशाला में खुदाई में मिली तीन सीढ़ियां

## हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की अध्यक्ष बोलीं- नीचे तहखाने में जाने का रास्ता मिल सकता है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**धार। भोजशाला में आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया का 15वां दिन रहा। टीम ने सुबह 6 बजे परिसर में प्रवेश किया। जुमे की नमाज से पहले टीम करीब 12 बजे बाहर आ गई। भोजशाला परिसर में नमाज पढ़ने के लिए बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग पहुंचे।**

भोजशाला के मुख्य भवन के आसपास कुल 13 स्थानों पर टैंच से चिह्नित किया गया था, जिसमें से अभी 3 स्थानों पर ही मिट्टी हटाने का काम हो रहा है। वकील रंजना अग्निहोत्री ने बताया कि पश्चिमी दीवार पर जो पिलर बेस मिला था, उसकी वॉशिंग क्लीनिंग हो गई है। उत्तरी दीवार से सटी हुई जो सीढ़ियां मिली थीं, अंदाजा लगाया जा रहा है कि नीचे तहखाना मिलने की संभावना है। एक वॉल भी मिली है। तीन सीढ़ियां एकदम क्लियर मिली हैं।



सर्वे के दौरान जो उपकरण उपयोग में लिए जा रहे हैं, उसमें लोहे की कंघी है। प्लास्टिक की कंघी है। प्लास्टिक के ब्रश, छोटी झाड़ू भी है। जरूरत के हिसाब से फावड़े से खुदाई कर रहे हैं। छोटे-छोटे पाइप हैं, जिससे धुलाई भी की जा रही है। वॉशिंग, क्लीनिंग और ब्रशिंग के साथ ही केमिकल की मदद भी ली जा रही है।

**सर्वे पर रोक लगाने वाली याचिका खारिज-** वकील रंजना अग्निहोत्री ने बताया कि मुस्लिम समाज ने सर्वे पर रोक लगाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में एक और याचिका लगाई थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा- इंदौर हाई कोर्ट के समक्ष याचिका लगी है, वहां पर जवाब फाइल करें।

### पिलर बेस मिला, इसका नामकरण होगा

तीन दिवसीय दौरे पर आई हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रंजना अग्निहोत्री का आज धार में अंतिम दिन है। गुरुवार को पूरे दिन अभिभाषक अग्निहोत्री अंदर रही थीं, उन्होंने पिलर बेस मिलने की पुष्टि करते हुए बताया था कि उसका नामकरण होगा, यह एएसआई ही तय करेगी उसका पीरियड क्या है वह कार्बन डेटिंग से ही पता चलेगा। ऐसे में कार्बन डेटिंग के बाद कई चीजें स्पष्ट होने की उम्मीद है।

### सर्वे पर रोक की मांग वाली दूसरी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

भोजशाला परिसर में अरक सर्वे पर रोक से सुप्रीम कोर्ट के इनकार के बाद 5 अप्रैल को एक और याचिका दाखिल कर दी गई। धार शहर काजी वकार सादिक ने कहा कि 8 से 9 याचिकाएं लगी हैं। आज की याचिका काजी मोइनुद्दीन की ओर से लगाई गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट जाने को कहा है। दूसरी याचिका एसएलपी पेश की गई थी, जिस पर कोर्ट में सुनवाई हुई। इस पर कोर्ट ने कहा- हमारी परमिशन के बिना एएसआई कोई काम नहीं करेगा। किसी तरह की खुदाई नहीं करेगा। सर्वे रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बिना ओपन नहीं किया जाएगी। इससे पहले 1 अप्रैल को दूसरी याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सर्वे पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, लेकिन हमारी इजाजत के बिना अरक रिपोर्ट के आधार पर कोई कार्रवाई नहीं होगी। इसके अलावा सर्वोच्च अदालत ने सभी पक्षकारों को नोटिस भी जारी किया था।

# चंबल में मादा चीता वीरा चरवाहे के पीछे दौड़ी

### बकरे-बकरी का शिकार किया, मुरैना में डेरा डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मुरैना।** श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क से निकली मादा चीता वीरा मुरैना के जौरा इलाके में घूम रही है। वीरा ने चरवाहे के सामने बकरे का शिकार किया। चरवाहे के पीछे भी दौड़ी। एक दिन पहले भी इसी चरवाहे की बकरी का शिकार किया था। चीता के मूवमेंट से ग्रामीण घबराए हुए हैं।

वीरा और नर चीता पवन 24 मार्च को कूनो नेशनल पार्क से बाहर निकल गए थे। तब इन्हें मुरैना के पहाड़गढ़ के ईश्वरा महादेव के जंगलों में देखा गया था। नर चीता पवन लौटकर कूनो में पहुंच गया, लेकिन वीरा पहाड़गढ़ से आगे निकलकर धानाकुंआ, चांचुल होते हुए जौरा के पगारा के जंगल तक आ गई है। कूनो से जौरा की दूरी 319 किलोमीटर है।

**जांच कर रहे हैं-** मुरैना के वन मंडलाधिकारी स्वरूप दीक्षित ने कहा कि खबर मिली है चीते ने एक बकरी और बकरे का शिकार किया है। यह भी हो सकता है कि किसी दूसरे जानवर ने शिकार किया हो। हम मामले की जांच कर रहे हैं।

**जनवरी में भी कूनो से भागी थी चीता वीरा**

इसी साल जनवरी में भी मादा चीता कूनो से भागी थी। वीरा रहवासी इलाके में पहुंच गई थी। लगभग 20 घंटे बाद वह वीरपुर क्षेत्र के सामान्य वनमंडल क्षेत्र में लौट आई थी।

# खंडवा में कार ने मासूम को रौंदा

### टायर के नीचे आया सिर, मौत; परिजन बोले- आरोपियों को बचा रही पुलिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** खंडवा में 8 साल के मासूम को कार ने रौंद दिया। कार की टक्कर से साइकिल सवार बच्चा उलछकर आगे जा गिरा। सिर के ऊपर से पहिया गुजरने से उसकी मौत हो गई। घटना गणेश तलाई इलाके में गुरुवार शाम की है। इसके सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार को सामने आए। मृतक बच्चे का नाम असद (उम्र- 8 साल) है। वह पहली कक्षा का छात्र था। उसके पिता इरशाद ऑटो ड्राइवर है।

**अचानक कार के सामने आया बच्चा-** वीडियो में दिख रहा है कि साइकिल चला रहा बच्चा अचानक कार के सामने आ गया। कार उसे रौंदते हुए चली गई। पास ही में एक ठेला भी खड़ा नजर आ रहा है। लोगों ने घायल बच्चे को अस्पताल पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**परिजन बोले- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस किया दर्ज-** बच्चे के परिजनों ने पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कार में दो लड़कियां सवार थी। एक कार चला रही थी और दूसरी पीछे बैठी थी। पुलिस ने एफआईआर में अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। परिजन का कहना है कि हादसे के वक्त ट्विंकल राजपूत कार चला रही थी। उसके साथ आक्षा पाठक थी। पुलिस तो ठेले की आड़ लेकर आरोपियों को बचा रही हैं।

**ठेले के कारण हादसा हुआ-** एएसपी अरविंद तोमर ने बताया कि ठेले के कारण हादसा हुआ है। हादसे के कारणों की जांच की जा रही है।

# जबलपुर में एएसआई 1 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## प्रॉपर्टी डीलर से 20 लाख मांगे, लोकायुक्त ने पकड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। जबलपुर में स्पेशल टास्क फोर्स का असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा गया। लोकायुक्त की टीम ने रात डिलीवरी बॉय बनकर उसे गिरफ्तार किया है।**

एएसआई ने प्रॉपर्टी डीलर को बैंक लोन से जुड़े मामले की जांच रफा-दफा करने का कहकर 20 लाख रुपए की डिमांड की थी। प्रॉपर्टी डीलर जब बैंक पहुंचे तो पता चला कि बैंक की तरफ से ऐसी कोई शिकायत नहीं की गई है। इसके बाद उन्होंने लोकायुक्त में शिकायत की।

एएसआई निसार अली पहले शहर के गोहलपुर थाने में पदस्थ रहा है। उसे पता था कि मोहम्मद जावेद प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। वह जावेद की हर एक्टिविटी की जानकारी लेता रहता था। उसे जानकारी लगी कि बैंक का लोन नहीं चुकाने पर बैंक ने जावेद की गोहलपुर वाली प्रॉपर्टी (मकान) नीलाम कर दी है। आरोपी एएसआई पुलिस डिपार्टमेंट में 26 साल से नौकरी पर है। वह सिपाही पदस्थ हुआ था।

### 12.5 लाख का लोन, घूस मांगी 20 लाख रुपए

प्रॉपर्टी डीलर का कहना है कि 25 दिन पहले एएसआई ने पहली बार कॉल कर साइबर ऑफिस में बुलाया था। कुछ दस्तावेज दिखाए और कहा कि तुम्हारे खिलाफ बैंक से शिकायत आई है। इसकी जांच मिली है। शिकायत बड़े अधिकारियों तक पहुंच गई है। अब बच पाना मुश्किल है। इस दौरान उसके साथ 3 और साथी भी थे। प्रॉपर्टी डीलर के मुताबिक एएसआई कुछ न कुछ दस्तावेज दिखाकर उन्हें परेशान कर रहा था। जिस प्रॉपर्टी के दस्तावेज दिखाकर वह परेशान कर रहा था, वो 12.5 लाख रुपए की थी। उसने केस निपटाने के नाम पर 20 लाख रुपए से डिमांड शुरू की। बाद में टुकड़ों में पैसा देने को कहा। धमकी दी कि पैसे नहीं मिले तो तुम्हारे साथ भाई भी जेल जाएंगे। वह 25 दिन से रोज वाट्सएप कॉल कर दमोह नाका बुलाता। मिलने जाते तो मोबाइल जब्त कर लेता था।

### एक हफ्ते पहले की लोकायुक्त से शिकायत

एक हफ्ते पहले प्रॉपर्टी डीलर ने एएसआई के खिलाफ जबलपुर लोकायुक्त से शिकायत की। इधर, गुरुवार दोपहर उनके पास एएसआई का फिर कॉल आया। दमोह नाका के पास मिलने की बात कही गई। लोकायुक्त को पता था कि निसार अली पुलिस में है और टीम के सदस्यों को पहचान सकता है, इसलिए पुलिस ने डिलीवरी बॉय की टी-शर्ट पहनकर आसपास घूमना शुरू कर दिया। प्रॉपर्टी डीलर 1 लाख रुपए लिए खड़े थे।

### पकड़ में आने के बाद की भागने की कोशिश

आधा घंटे बाद गुरुवार रात 8.30 बजे एएसआई दमोह नाका आया और जावेद को आवाज देकर अंधेरे स्थान की ओर ले गया। उसने उनका मोबाइल एक दुकान में रखवा दिया। लोकायुक्त के आते ही उसने भागने की कोशिश की। उसे गिरफ्तार कर टीम सीधा सर्किट हाउस-2 ले आई।

## लाखों की चोरी के आरोपी हिरासत में

# महिला, पुरूष के साथ दो नाबलिगों से सोने,चांदी के आभूषण बरामद किए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** जिले की खाचरौद तहसील में ज्वेलर्स की दुकान पर 20 लाख रुपए के आभूषणों की चोरी की वारदात के आरोपियों को पुलिस ने 10 घंटे के अंदर में 4 आरोपियों हिरासत में ले लिया है। इनमें एक महिला और एक पुरुष के साथ दो नाबालिग भी शामिल हैं। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें दोनों बच्चे चोरी करते नजर आ रहे हैं। चोरी के आरोपियों को हिरासत में लेने वाली टीम को आईजी ने 30 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। पुलिस ने चोरी का माल भी आरोपियों से बरामद कर लिया है।

जिले की खाचरौद तहसील में गुरूवार को महेंद्र पिता माणकलाल निवासी नागदा की अन्नपूर्णा मार्ग पर ज्वेलर्स की दुकान है। गुरुवार को खाचरौद पुलिस ने महेंद्र पिता माणकलाला को सूचना दी कि आपकी दुकान का शटर टूटा हुआ है। महेन्द्र जब दुकान पहुंचे तो दुकान के अंदर सभी सामान अस्त- व्यस्त पड़ा था,तिजोरी भी टूटी हुई थी। ग्राहकों के गिरवी रखे चांदी के आभूषणों के साथ चांदी के नए आभूषण,सोने की अंगूठी, टॉप्स, मंगलसूत्र, मुरकी आदि भी तिजोरी में नहीं थे। दुकान संचालक महेन्द्र ने पुलिस को जानकारी दी कि तिजोरी से चांदी के 21 किलो 990 ग्राम वजनी 17 लाख 30 हजार रुपए के आभूषण और सोना करीब 28 ग्राम कीमत 1 लाख 95 हजार रुपए सहित कुल 20 लाख का सामान चोरी हो गया है।

पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि के तहत प्रकरण कायम कर चोरों की तलाश प्रारंभ की। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की शिनाख्त कर हिरासत में लेकर चोरी का माल बरामद किया गया। पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है।

# संपादकीय

## उल्लेखनीय कामयाबी नहीं

लंबे समय से अत्याधुनिक सूचना प्रणाली, हेलीकाप्टर आदि के जरिए उन पर नकेल कसने की कोशिश की जा रही है। नक्सली समूहों को मिलने वाली वित्तीय मदद, साजो-सामान आदि की पहुंच रोकने और स्थानीय लोगों से उनकी दूरी बढ़ाने के भी प्रयास होते रहे हैं, पर इस दिशा में कोई उल्लेखनीय कामयाबी नहीं मिल पाई है। जब तक इसका कोई व्यावहारिक उपाय नहीं निकाला जाता, इस समस्या पर काबू पाना कठिन बना रहेगा। तमाम प्रयासों के बावजूद छत्तीसगढ़ में नक्सली समस्या से निपटना चुनौती बना हुआ है। थोड़े-थोड़े समय पर वहां नक्सली सक्रिय हो उठते और सुरक्षाबलों को चुनौती देते रहते हैं। अब तक वे बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों, राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की हत्या कर चुके हैं। अभियान चला कर सुरक्षाबलों ने भी अनेक नक्सलियों को मौत के घाट उतारा है। लगातार उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। उसी का नतीजा है कि बीजापुर में मुठभेड़ के दौरान दस नक्सली मारे गए। यह निस्संदेह सुरक्षाबलों की बड़ी कामयाबी कही जा सकती है कि नक्सलियों को योजनाएं अंजाम देने से पहले ही मार गिराया गया। मगर वहां किस तरह नक्सली नासूर को पूरी तरह समाप्त किया जा सकेगा, इसका दावा करना मुश्किल बना हुआ है। केंद्र और राज्य सरकार छत्तीसगढ़ में नक्सलियों से पार पाने के लिए कठोर से कठोर दमन का रास्ता आजमा चुकी हैं, पर उनका मनोबल तोड़ पाने में विफल ही रही हैं। दरअसल, छत्तीसगढ़ में आदिवासी समूहों को लगता रहा है कि सरकारें उनके संसाधनों पर पूंजीपतियों को कब्जा दिलाने का प्रयास करती हैं। जबकि सरकार का तर्क रहा है कि विकास कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने और आदिवासी समुदाय को समाज की मुख्यधारा से जोडने के लिए औद्योगिक इकाइयों का विस्तार जरूरी है। इसे लेकर शुरू में सरकार और नक्सली नेताओं के साथ बातचीत के प्रयास भी हुए, पर उनका कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। फिर सरकार ने आदिवासियों के भीतर से ही नक्सलियों के खिलाफ विद्रोह और दमन की रणनीति बनाई, पर वह भी कामयाब नहीं रही। उससे खून-खराबा जरूर कुछ अधिक बढ़ गया था।




शेख चिल्ली को खुली आंखों से सपने देखने की आदत थी। दिन हो या भरी दोपहर, कभी भी चलते-फिरते या बैठे-बिठाए वो सपने देखा करता था। ऐसा ही एक किस्सा बड़ा ही मशहूर है।

शेख चिल्ली अपने घर में बैठा-बैठा एक दिन सपने में डूब गया। उसके सपने में देखा कि एक बहुत बड़ी और विशालकाय पतंग उड़ रही है, जिसके ऊपर वो सवार है। उसे बड़ा ही मजा आ रहा था और आसमान से नीचे देखने पर उसे बहुत अच्छा महसूस हो रहा था। वो खुशी से उड़ ही रहा था कि तभी उसकी अम्मी की आवाज आई और उसका यह मजेदार सपना पल भर में टूट गया।

शेख चिल्ली की अम्मी जोर से पुकार रही थीं- ''शेख चिल्ली! ओ शेख चिल्ली! कहां हो तुम?''

अम्मी की आवाज पर शेख चिल्ली बोला, ''अम्मी आया अभी, अपनी ख्याली उड़ान से उतर कर शेख चिल्ली घर के आंगन की ओर दौड़ पड़ा।''

जैसे ही शेख चिल्ली अम्मी के सामने पहुंचा। अम्मी बोलीं, ''शेख चिल्ली, मैं तुम्हारी सलमा दीदी के घर जाकर आती हूं। कुछ ही समय में उनकी बेटी की शादी है। मैं वहां उसी की तैयारी करने जा रही हूं। अब वहां से मैं शाम को ही लौटूंगी और आउंगी तो तेरे लिए मिठाइयां भी लेती आउंगी। तब तक तुम जंगल जाकर दरांती (घास काटने का औजार) से कुछ घास काट लाना। पड़ोसी की गाय को चारे के लिए घास मिल जाएगी और हमें उसके बदले कुछ पैसे मिल जाएंगे।''

इस पर शेख चिल्ली बोला, ''हां, अम्मी ले आऊंगा और फिर शेख चिल्ली जंगल जाने के लिए तैयार हो गया और उसने हाथों में दरांती उठा ली।''

तभी अम्मी ने नसीहत देते हुए कहा, ''सावधानी से जंगल की ओर जाना और रास्ते में कहीं बैठकर सपने न  देखने लगना। वहीं दरांती को होशियारी से उपयोग करना और उसे अच्छे से पकड़ना। नहीं तो तुम्हारा हाथ कट सकता है।''

शेख चिल्ली ने अम्मी को तसल्ली देते हुए कहा, ''अम्मी चिंता न करें, मैं होशियारी से काम लूंगा।''

अम्मी के जाते ही शेख चिल्ली जंगल की ओर चल दिया। रास्ते में चलते हुए उसे उन मिठाईयों का ध्यान आने लगा जो अम्मी सलमा दीदी के यहां से लाने वाली थीं। उसे ख्याल आते रहे कि आज कौन सी मिठाई खाने को मिलेगी। शायद रसदार गुलाब जामुन या फिर स्वादिष्ट रसगुल्ले और पेड़े। यह सोचकर शेख चिल्ली का मुंह पानी से भर गया और उसकी लार टपकने लगी।

तभी अचानक शेख चिल्ली को रास्ते में पड़े किसी पत्थर से ठोकर लगी और वो अपने सपनो से निकल कर फिर हकीकत में आ गया। ''अरे रे रे, क्या कर रहा हूं मैं ये, अम्मी ने मना किया था कि रास्ते में जाते वक्त सपने मत देखना, लेकिन ये क्या, ओहो'' शेख चिल्ली ने खुद को समझाया।

इसके बाद जंगल पहुंच कर शेख चिल्ली ने बहुत सारी घास काटी और एक बड़ी सी गठरी बनाकर उसे सिर पर रखा और घर वापस आ गया। घास की गठरी उसने पड़ोसी को दी और उसके बदले उसे थोड़े पैसे मिल गए। तभी उसे ध्यान आया कि वो घास काटने के लिए जो दरांती ले गया था, उसे वह जंगल में कहीं छोड़ आया है।

शेख चिल्ली को अम्मी का गुस्सा ध्यान आया और वो जंगल में वापस दरांती लेने के लिए दौड़ पड़ा। उसे दरांती वहीं मिली, जहां वो उसे छोड़ गया था। मगर, शेख चिल्ली ने जैसे ही दरांती उठाने की कोशिश की उसके हाथ जलने लगे और उसने दरांती फौरन छोड़ दी। जाहिर है, तेज धूप में पड़ी लोहे की दरांती बहुत गर्म हो गई थी, लेकिन इस बात की समझ शेख चिल्ली में नहीं थी। वो उसको उलट-पलट कर देख रहा था। वह यह समझने की खूब कोशिश कर रहा था कि आखिर दरांती इतनी गर्म कैसे हो गई, मगर उसकी समझ में कुछ भी नहीं आया।

शेख चिल्ली इस पहेली को सुलझाने की कोशिश कर ही रहा था कि तभी उसके घर के करीब में रहने वाला जुम्मन वहां से गुजरा और उसने शेख चिल्ली को हैरान होते हुए देखा। जुम्मन ने शेख चिल्ली से पूछा, ''क्या हुआ? दरांती को तुम ऐसे हैरान होकर क्यों देख रहे हो?''

इस पर शेख चिल्ली बोला, ''पता नहीं मेरी दरांती को क्या हो गया है। पता नहीं कैसे यह बहुत ज्यादा गर्म हो गई है।''

शेख चिल्ली की बात सुनकर जुम्मन मन ही मन हंसा और फिर उसने सोचा कि यह बहुत बड़ा मूर्ख है, जो इतनी छोटी सी बात नहीं समझ पा रहा है। उसके बाद जुम्मन ने शेख चिल्ली की इस मूर्खता का लाभ उठाने का सोचा और कहा, ''मुझे ऐसा लग रहा है कि तुम्हारी दरांती बुखार आने के कारण इतनी गर्म हो गई है।''

जुम्मन की यह बात सुनकर शेख चिल्ली और भी ज्यादा परेशान हो गया। शेख चिल्ली की बढ़ती परेशानी को देख जुम्मन बोला, ''हमें इस दरांती का इलाज करने के लिए हकीम के पास ले जाना होगा।''

तभी जुम्मन ने सोचा शेख चिल्ली की इस मूर्खता का फायदा उठाकर इस दरांती को क्यों न हथिया लिया जाए। फिर उसने योजना बनाते हुए कहा, ''अरे नहीं, हकीम को छोड़ो, मुझे पता है बुखार का इलाज कैसे किया जाता है। मेरी दादी को भी अक्सर बुखार आ जाता है। मैंने हकीम को अपनी दादी का इलाज करते हुए देखा है। उन्हें देखकर मैंने भी बुखार का इलाज करना सीख लिया है। मैं इस दरांती का बुखार आसानी से उतार सकता हूं।''

फिर क्या था, दरांती उठाकर जुम्मन आगे-आगे चलने लगा और उसके पीछे शेख चिल्ली भी चल पड़ा। आगे जाकर जुम्मन एक कुएं के पास रुका और फिर उसने दरांती को पास पड़ी एक रस्सी से बांधा और फिर उसे कुएं में लटका दिया।

इसके बाद जुम्मन ने शेख चिल्ली से कहा कि इसे ऐसी ही शाम तक लटके रहने दो। उम्मीद है कि रात तक दरांती का बुखार उतर जाएगा। उसके बाद तुम इसे यहां से घर ले जाना। हकीकत यह थी कि जुम्मन उस दरांती को शेख चिल्ली के जाने के बाद वहां से ले जाने वाला था।

अब शेख चिल्ली तो मूर्ख था, उसे जुम्मन के इरादे समझ नहीं आए और वह उसकी बात मानकर अपने घर लौट आया। शाम को जब उसे दरांती का ध्यान आया तो वह दरांती देखने के लिए कुएं की ओर चल दिया। शेख चिल्ली घर से निकला ही था कि तभी उसे जुम्मन की दादी की सिसकने की आवाज सुनाई दी।

दादी की आवाज सुनकर शेख चिल्ली जुम्मन के घर चला गया। वहां उसने देखा कि जुम्मन की दादी को तेज बुखार है और वह दर्द से सिसक रही हैं।

इस पर शेख चिल्ली ने सोचा कि उसे जुम्मन की दादी की मदद करनी चाहिए। इस ख्याल के साथ शेख चिल्ली ने दादी को पास पड़ी रस्सी से अपनी पीठ पर लाद कर बांध लिया और कुएं की ओर चल पड़ा। आस-पास के लोगों ने जब यह सब देखा तो सभी ने शेख चिल्ली को रोकने की बहुत कोशिश की। मगर, सबकी अनसुनी करते हुए शेख चिल्ली जुम्मन की दादी को कुएं तक ले आया।

दरअसल, जुम्मन दादी की दवा लेने गया था, इसलिए वह दरांती लेने कुएं पर नहीं आ पाया था। इस वजह से जब शेख चिल्ली कुएं पर पहुंचा तो उसे दरांती उसी जगह मिली। उसने फौरन रस्सी खींचकर दरांती निकाली और जुम्मन की दादी को कुएं लटकाने की तैयारी करने लगा।

तभी जुम्मन और उसके पिता को जब इस बात का पता चला कि शेख चिल्ली जुम्मन की दादी को पीठ पर लादकर कुएं की ओर ले गया है तो भागते हुए वे दोनों कुएं के पास पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि शेख चिल्ली दादी को कुएं में लटकाने की पूरी तैयारी कर चुका है।

यह देखकर जुम्मन के पिता तेजी से चिल्लाए, ''अरे पागल, यह करने जा रहा है तू।''

शेख चिल्ली को कहां कुछ मालूम था, वह तो अपनी समझ से दादी का इलाज करने जा रहा था। इसलिए उसने बहुत आराम से जवाब देते हुए कहा कि दादी को बहुत तेज बुखार है। इसलिए मैं उनका इलाज करने जा रहा हूं।

इस पर जुम्मन के पिता ने गुस्साते हुए पुछा कि यह इलाज का कौन सा तरीका है। इस पर शेख चिल्ली बोला कि यह तरीका तो मुझे खुद जुम्मन ने बताया है। उसी ने मुझे बताया कि हकीम दादी का ऐसे ही इलाज करते हैं और उसने मेरी दरांती का बुखार भी ऐसे ही ठीक किया था।

शेख चिल्ली की ये बात सुनकर जुम्मन के पिता गुस्से से लाल हो गए और जुम्मन को घूरने लगे। अब जुम्मन अपनी ही चाल में फंस गया था और अपने किए पर शर्मिंदा था। जुम्मन के पिता को सारी बात समझ आ गई थी। उन्होने जुम्मन को मारने के लिए डंडा उठा लिया और उसे पीटने लगे।

नासमझ शेख चिल्ली हैरान था कि जुम्मन के पिता जुम्मन को क्यों मार रहे हैं। मगर, जुम्मन के पिता इतने गुस्से में थे कि उसने उनसे कुछ भी पूछना उचित नहीं समझा और घर लौट आया। घर पर शेख चिल्ली की अम्मी मिठाइयों के साथ उसका काफी देर से इंतजार कर रही थीं।

### कहानी से सीख

बुखार का इलाज शेख चिल्ली की कहानी से यह सीख मिलती है कि दूसरों के लिए गड्ढा खोदने वाले एक दिन खुद उसी गड्ढे में गिरते हैं।

West Bengal

# पश्चिम बंगाल में NIA की टीम पर हमला... TMC नेता के यहां जांच के दौरान भीड़ ने की पत्थरबाजी

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के पूर्वी मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में शनिवार सुबह राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) की एक टीम पर हमला हो गया. एनआईए अधिकारी तृणमूल कांग्रेस के एक नेता के घर पर 2022 में हुए विस्फोट मामले की जांच के लिए वहां पहुंचे थे, तभी उग्र भीड़ ने उनकी कार पर पत्थरबाजी शुरू कर दी, जिससे गाड़ी की विंडस्क्रीन क्षतिग्रस्त हो गई. अभी तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है. घटना सुबह करीब 5.30 बजे की है. एनआईए टीम की ओर से मनबेंद्र जाना और अज्ञात के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है. एनआईए अधिकारी मनबेंद्र जाना को ही गिरफ्तार करने मौके पर पहुंचे थे. भूपतिनगर में 3 दिसंबर,



2022 को हुए एक विस्फोट में छप्पर का घर ध्वस्त हो गया था, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई थी. पिछले महीने, एनआईए ने विस्फोट के सिलसिले में पूछताछ के लिए 8 तृणमूल कांग्रेस नेताओं को बुलाया था. केंद्रीय जांच एजेंसी ने आठों को अपने अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा था, क्योंकि वे पहले के समन में जांच में शामिल नहीं हुए थे, जिसमें उन्हें 28 मार्च को न्यू टाउन में एनआईए कार्यालय का दौरा करने का निर्देश दिया गया था. एनआईए की टीम इसी केस के सिलसिले में मनबेंद्र जाना को गिरफ्तार करने भूपतिनगर पहुंची थी, जब भीड़ ने उस पर हमला किया.

दो महीने पहले भी पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में एनआईए की टीम पर हमला हुआ था. तब केंद्रीय जांच एजेंसी के अधिकारी स्थानीय टीएमसी नेता शाहजहां शेख के घर पर छापा मारने गए थे. शेख के समर्थकों ने ईडी टीम के साथ गए केंद्रीय बल के जवानों पर भी हमला किया था.

New Delhi

## अरविंद केजरीवाल ने कोर्ट से की खास मांग, ED बोली- तिहाड़ में नहीं दे सकते स्पेशल ट्रीटमेंट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने वकीलों के साथ मुलाकात की अवधि बढ़ाने की अपील की है। केजरीवाल ने दिल्ली की कोर्ट में याचिका दाखिल की है जिसमें कानूनी बैठकों की संख्या बढ़ाने का निर्देश देने और हफ्ते में 2 की बजाय 5 बार मिलने की इजाजत मांगी है। शुक्रवार को इस मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान ईडी ने केजरीवाल की मांग का विरोध करते हुए कहा कि केजरीवाल को जेल में केवल इसलिए स्पेशल ट्रीटमेंट नहीं दिया जा सकता क्योंकि वो जेल से सरकार चलाना चाहते हैं। ईडी ने कहा केजरीवाल को विशेष अधिकार दिए जाने से इसका गलत इस्तेमाल हो सकता है और वह अपने वकीलों के माध्यम से आदेश जारी कर सकते हैं। ईडी की ओर से पेश वकील ज़ोहेब हुसैन ने कहा, 'केवल इसलिए कि कोई व्यक्ति जेल से सरकार चलाने का विकल्प चुनता है, उसे एक्सेप्शन नहीं माना जा सकता है और उसे विशेषाधिकार नहीं दिया जा सकता है।' ईडी की ओर से पेश होते हुए हुसैन ने बताया कि कानूनी बैठकों का परामर्श के अलावा दूसरी चीजों के लिए दुरुपयोग किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे बयान हैं जिनमें कहा गया है कि आदेश वकीलों के माध्यम से पारित किये जा रहे हैं। हुसैन ने यह भी तर्क दिया कि पांच कानूनी बैठकों की अनुमति देना जेल मैनुअल के खिलाफ है।

केजरीवाल की ओर से पेश वकील विवेक जैन ने कहा कि उनके मुवक्किल के खिलाफ 35 से 40 अलग-अलग मामले चल रहे हैं और सप्ताह में दो बार आधे घंटे की बैठकें किसी व्यक्ति के लिए लंबित मामलों की बारीकियों को समझने और निर्देश देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। जैन ने दावा किया कि आप सांसद संजय सिंह को भी सप्ताह में तीन बार अपने वकील से मिलने की अनुमति दी गई थी, जब वह इसी मामले के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में थे।

New Delhi

## दिल्ली में बच्चा चोरी गैंग का पर्दाफाश, CBI के ताबड़तोड़ छापे, रेस्क्यू किए गए 8 नवजात!

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** मानव तस्करी के मामले में दिल्ली के केशव पुरम इलाके में सीबीआई की रेड जारी है. शुक्रवार से ही यहां सीबीआई की टीम छापेमारी कर रही है. रेड के दौरान सीबीआई की टीम ने एक घर से दो नवजात शिशु को बरामद किया है. अभी तक 7-8 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है.

शुरुआती जांच में मामला नवजात बच्चों की खरीद-फरोख्त का लग रहा है. फिलहाल सीबीआई की टीम इस मामले में बच्चों को बेचने वाली महिला और खरीदने वाले व्यक्ति से पूछताछ भी कर रही है. रेड के दौरान केशव पुरम थाने की पुलिस भी मौके पर मौजूद है. बताया जा रहा है कि मानव तस्करी करने वाले इस गैंग के लोग अस्पताल से नवजात बच्चों की चोरी करते थे.

चाइल्ड ट्रैफिकिंग के इस मामले में सीबीआई ने 7-8 बच्चों को रेस्क्यू करके खरीद फरोख्त करने वाले कुछ लोगों को दिल्ली-एनसीआर से गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए लोगों में अस्पताल के वार्ड बॉय समेत कुछ महिला और पुरुष शामिल हैं.

Uttarpradesh

## आधी रात प्रेमिका के साथ कमरे में था प्रेमी, घरवालों ने बाहर किया लॉक और फिर....

**रामपुर, (एजेंसी)** यूपी में रामपुर में आधी रात को प्रेमिका के घर आया प्रेमी पकड़ा गया। प्रेमी बिलासपुर से अपनी प्रेमिका को ईदी पहुंचाने उसके घर आया था। ग्रामीणों ने दरवाजे पर पहरेदारी कर रहे प्रेमी के साथी को भी दबोच लिया। परिजनों ने दोनों युवकों को कमरे के अंदर बंद कर पुलिस को बुला लिया। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को लेकर थाने चली गई।मामला थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा हुआ है। बिलासपुर निवासी एक युवक का गांव निवासी युवती के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है।

बृहस्पतिवार रात करीब 12 बजे युवक अपनी प्रेमिका को ईदी पहुंचाने उसके घर आया था। बताते हैं प्रेमी ने अपने साथ आए युवक को दरवाजे पर पहरेदारी के लिए लगा दिया। मौका पाकर प्रेमी प्रेमिका के घर अंदर पहुंच गया। इस दौरान प्रेमिका के परिजनों ने दरवाजे पर खड़े युवक से कारण पूछा तो वह घबरा गया। शक होने पर परिजनों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर मालूम हुआ घर के अंदर पहुंचे युवक की यह पहरेदारी कर रहा है। परिजनों ने घर के अंदर जाकर आरोपी को संदिग्ध हालत में पकड़ लिया। इस दौरान परिजनों ने दोनों युवकों की पिटाई की और घर के अंदर बंद कर दिया। ग्रामीणों ने दोनों युवकों के पकड़े जाने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस दोनों युवकों को अपने साथ थाने ले गई। पूछताछ करने पर मालूम हुआ दोनों युवक बिलासपुर के हैं। पुलिस ने दोनों युवकों के परिजनों को भी थाने बुला लिया। दोनों के रिश्तेदार मामले को सुलझाने में लगे हुए हैं। उधर प्रेमिका के परिजनों की ओर से भी पुलिस को कोई तहरीर नहीं दी गई है।

खेल

# धोनी की टीम लगातार दूसरा मैच हारी... मार्करम-अभिषेक के दम पर हैदराबाद की धांसू जीत

हैदराबाद। सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हराया। चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 165 रन बनाए थे। जवाब में हैदराबाद ने 16 गेंदें शेष रहते चार विकेट खोकर लक्ष्य प्राप्त कर लिया। हैदराबाद के लिए एडेन मार्करैम ने 36 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन की पारी खेली। टीम को अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड ने तेज शुरुआत दिलाई थी जिसका फायदा टीम को मिला। चेन्नई के लिए मोइन अली ने दो विकेट झटके। चेन्नई को इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने भी हराया था और इस सीजन उसे लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा है। अभिषेक को उनकी शानदार पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।




**अभिषेक-हेड ने खेली तूफानी पारी-** लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा ने तूफानी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों ने पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी की। अभिषेक शर्मा ने पारी का दूसरा ओवर डालने आए मुकेश चौधरी को आड़े हाथों लिया। अभिषेक ने मुकेश का चौके के साथ स्वागत किया और तीसरी गेंद पर छक्का जड़ा। इसके बाद उन्होंने पांचवीं गेंद को फिर बाउंड्री के पार भेजा। यह गेंद नो बॉल करार दी गई और फिर अभिषेक ने फ्री हिट पर भी छक्का जड़ा। चेन्नई के लिए यह ओवर काफी महंगा साबित हुआ। इससे पहले हैदराबाद की पारी के दूसरी ही गेंद पर मोइन अली ने ट्रेविस हेड का आसान सा कैच छोड़ा। उस वक्त हेड ने खाता भी नहीं खोला था।

**हेड ने जीवनदान का उठाया फायदा-** अभिषेक के आउट होने के बाद हेड ने एडेन मार्करम के साथ मिलकर पारी आगे बढ़ाई और खुद को मिले जीवनदान का पूरा फायदा उठाया। उन्होंने लगातार शॉट खेले और पॉवरप्ले की समाप्ति तक चेन्नई को खुश होने का मौका नहीं दिया। हैदराबाद ने पॉवरप्ले तक एक विकेट पर 78 रन बनाए थे जो उसका आईपीएल इतिहास का पॉवरप्ले में तीसरा सर्वोच्च स्कोर है। हेड धीरे-धीरे अर्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन महेश तीक्षणा ने हेड को आउट कर हैदराबाद को दूसरा झटका दिया।

**मार्करम ने जड़ा पचासा-** हेड और अभिषेक ने हैदराबाद की जीत की नींव रख दी थी, लेकिन टीम को लक्ष्य प्राप्त कराने से पहले अपने विकेट गंवा बैठे। इसके बाद हालांकि मार्करम ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने शानदार लय में बल्लेबाजी करते हुए 36 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए। हालांकि अर्धशतक पूरा करते ही मार्करम अपना विकेट गंवा बैठे। उन्हें मोइन अली ने एलबीडब्ल्यू आउट किया। इसके बाद मोइन ने शाहबाज अहमद को भी एलबीडब्ल्यू आउट कर पवेलियन की राह दिखाई। हालांकि हेनरिच क्लासेन (नाबाद 10) और नीतीश रेड्डी आठ गेंदों पर एक चौके और एक छक्के की मदद से 14 रन बनाकर नाबाद लौटे।

सिनेमा

## बिग बॉस के बाद क्या खतरों से खेलेंगी आयशा खान? जानें क्या बोलीं एक्ट्रेस



बिग बॉस ओटीटी 2 से छाई हुईं आयशा खान अब अपने कई अपकमिंग प्रोजेक्ट्स में बीजी हैं। अब शो खतरों के खिलाड़ी 14 आ रहा है और इस शो के लिए कई सेलेब्स के नाम सामने आ रहे हैं। हाल ही में आयशा खान का भी नाम इसके लिए सामने आ रहा है। कहा जा रहा है कि आयशा इस शो में पार्टिसिपेट करती नजर आ सकती हैं तो जब आयशा से इस बारे में पूछा तो जानें उन्होंने क्या कहा। आयशा का कहना है कि वह यह शो नहीं कर रही हैं। उन्होंने टेली चक्कर से बात करते हुए कहा कि वह पहले ही बिग बॉस 17 कर चुकी हैं जो खतरों के खिलाड़ी जितना ही खतरनाक है और उनकी जर्नी काफी उतार-चढ़ाव देख चुकी है। तो आयशा के फैंस जो उन्हें रोहित शेट्टी के खतरनाक स्टंट्स करते देखने के लिए एक्साइटेड थे, उनका सपना अधूरा रह गया है। बता दें कि हाल ही में आयशा ने एक इंटरव्यू में हैरासमेंट और कास्टिंग काउच को लेकर अपना एक्सपीरिंय शेयर किया है। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उनके पिता की उम्र का एक शख्स उनके पास आया और कहा कि आपके ब्रेस्ट बहुत अच्छे हैं। वहीं जब वह एक फोटोशूट के लिए गई थीं तो तब उन्हें एक नेट टॉप दिया गया पहनने के लिए। जब आयशा ने पूछा कि वह इसके नीचे कुछ इनर पहनेंगी तो उन्होंने मना किया। उन्होंने कहा कि हर कोई ऐसा करता है। हमने वैसे भी सिर्फ तुम्हारे चेहरे की फोटो लेनी है तो चिंता की क्या बात है।




1. **EC used expletives to reject permission for election event in Haryana, claims AAP**
2. **BJP Foundation Day: PM Modi extends best wishes**
3. **NIA team attacked, bricks pelted at car in West Bengal; 2 injured**
4. **Lok Sabha Elections 2024: Congress releases manifesto 'Nyay Patra'**
5. **NIA team attacked in Bengal during suspect arrest for blast case**
6. **9 fishermen rescued by Indian Coast Guard after gas blast at sea**

# This is the most important question you should ask in an interview as per LinkedIn expert

**NEW DEIHI, (Agency).** There are a lot of questions that you will be asked in a job interview, for sure. But there are a few questions that you must also ask from your prospective employers as per a LinkedIn expert. Vice president and workforce expert at LinkedIn Aneesh Raman told CNBC Make it that asking questions during a job interview from the employer is not a bad thing at all because it shows that you are actually interested in the future of the company and your role in it.

And there is one question that can give you the most idea about how the company invests in the future of its employees, he said.

"The most important question to ask before you accept a job is: What is your culture of learning?" Aneesh




Raman said.

Workplace scenario has changed a lot in the recent years, he said, adding, "We don't know so much of what's coming but one thing we know is that organisations that build a culture of learning, and that have employees who lean into that culture of learning, are going to be able to adapt."

There is also another question that you can ask in the job interview but this may be more useful to new professionals, he said. This question is about the culture of learning in the organisation as he said that "part of that culture of learning is learning how to work well with others. Young professionals need real coaching about corporate speak and corporate culture and things like what you're supposed to do in meetings."

# Boeing CEO rejects $3 million bonus due to Alaska Airlines incident

**NEW DEIHI, (Agency).** Following January's near-catastrophic incident involving a Boeing 737 Max 9 aircraft operated by Alaska Airlines, outgoing Boeing CEO David Calhoun declined to be considered for an yearly bonus, the US-based maker of airplanes, said in a securities filing on Friday.

Calhoun, who will exit as chief executive at the end of 2024, would have received a potential $2.8 million bonus in addition to the $32.8 million he received as salary for 2023, the company stated.

"Following the Alaska Airlines incident, Mr. Calhoun declined to be considered for an annual incentive payout, and the Board honoured that request. Throughout his tenure, he has demanded transparency



within Boeing and with our customers, regulators, and the flying public," the filing read. The 66-year-old's stint as Boeing's president and chief executive began in January 2020, and the Arlington, Virginia-headquartered manufacturer, praised him for taking decisions that, according to the Board, "were in the long-term interest of Boeing, even if they came at the expense of achieving near-term financial or operational goals." The plane-maker also acknowledged that the January 5 mid-air emergency, during which a door plug panel tore off from the side of a MAX 9 jet cruising at an altitude of 16,000 feet, showed that Boeing has "much work yet to do." The aircraft, operating as Alaska Airlines Flight 1282, was on its way to Ontario after taking off from Portland with 171 passengers and six crew members on board. It returned to Portland and made a successful emergency landing.

"Mr. Calhoun has responded to this event in the right way by taking responsibility for the accident, engaging transparently and proactively with regulators and customers and taking important steps to strengthen Boeing's quality assurance," the filing said.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक